
# दिशा परीक्षण (Direction Test)

(1). एक लॉन में एक आदमी 'उत्तर' दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़ा है। यदि वह आदमी दक्षिणावर्त दिशा में 45° डिग्री और वामावर्त दिशा में 135° घूम जाता है, तो वह अब किस दिशा की ओर अभिमुख होगा?


⇒ पश्चिम




CW – 45°
ACW – 135°
ACW – 90°

(2). राधा दक्षिण की तरफ 100 मी० चली, फिर उसने दक्षिणावर्त दिशा में 45-45-45 डिग्री के तीन मोड़ लिए और फिर वामावर्त दिशा में 45-45 डिग्री के दो मोड़ लिए। अब उसका मुँह किस दिशा में है?


⇒ दक्षिण-पश्चिम




CW – 135°
ACW – 90°
CW – 45°

(3). उत्तर-पूर्व दिशा की ओर एक व्यक्ति, घड़ी की विपरीत दिशा में 450° और फिर घड़ी की दिशा में 900° पर मुड़ता है। अब वह किस दिशा की ओर है?


⇒ दक्षिण-पूर्व




ACW – 450°
CW – 900°
CW – 450° (90°)

(4). मीना दक्षिण की ओर चलना शुरू करती है और क्रमिक रूप से दायें, बाएँ, बाएँ, दाये, दाँये मुड़ती है। अब वो किस दिशा की ओर मुँह करके खड़ी है —


⇒ पश्चिम




R
L
L
R
R

(5). मैं 5m पूर्व में चला और फिर बाएँ मुड़ा और फिर 5m चला। वहाँ से मैं उत्तर की तरफ 3m चला। फिर मैं लगातार दो बार बाएँ मुड़ा, और हर बार 3m चला। शुरुआती बिन्दु से अब मैं कौनसी दिशा में हूँ?

⇒ उत्तर-पूर्व





| उ० | पू० | द० | पश्चि |
|---|---|---|---|
| 5 | 5 | | |
| 3 | | 3 | 3 |

⇒ 2 पू०
5 उ०

(6). मिल्खा सिंह का पौत्र प्रताप सिंह पूर्व में 15m दौड़ता है, फिर अपनी दाहिनी ओर मुड़ता है और फिर 8m दौड़ता है। उसके बाद वह दाहिनी ओर मुड़ता है और 7m दौड़ता है, फिर बाँए मुड़ता है और 4m दौड़ता है और फिर अपने बाईं ओर मुड़ता है, 10m दौड़ता है। आखिरकार वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है और 3m दौड़ता है। प्रताप सिंह का मुख अब किस दिशा की तरफ है।


⇒ उत्तर




पूर्व
R
R
L
L
L

(7). अमित एक कार में 15km की यात्रा करता है, फिर बाँए मुड़ता है और 5km की यात्रा करता है, फिर बाँए मुड़ता है और 15km की यात्रा करता है। अब अगर वह पूर्व के सामने है, तो वह किस दिशा में होगा जब उसने यात्रा शुरू की थी?


⇒ पश्चिम




?
L−R
L−R
———
पूर्व

(8). बीजू, अपने घर से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 5Km चलता है और अपनी दायीं ओर मुड़ता है 2 Km चलता है और उसी दिशा में फिर 5Km तक चलता है। फिर वह दक्षिण दिशा में 5Km चलता है और अंत में पश्चिम दिशा में 3 Km चलता है। उसके आरंभिक और अंतिम बिंदु के बीच की दूरी कितनी है?

⇒ 4Km





7−3=4Km

| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 5 | 3 |
| | 5 | | |

7−3=4Km

(9). बानू पश्चिम की ओर 5Km चलती है और बाँए मुड़ती है और 3Km चलती है। वह 3Km की दूरी तय करने के लिए एक बार फिर बाँए मुड़ती है और दूरी तय करने के बाद, वह दक्षिण की ओर 7Km चलती है। फिर वह अंत में पूर्व की ओर 2Km चलती है। वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?

⇒ 10Km





| उ॰ | पू॰ | द॰ | पश्चि॰ |
|---|---|---|---|
| | 3 | 3 | 5 |
| | 2 | 7 | |

⇒ 10Km

(10). एक महिला पूर्व दिशा की ओर 15 Km चलती है, दाएँ मुड़ती है और 2 Km चलती है, फिर से दाएँ मुड़ती है और 9 Km चलती है। फिर वह उत्तर दिशा की ओर 7 Km चलती है और दाएँ मुड़ती है और 17 Km चलती है। फिर वह अंत में दाएँ मुड़ती है और 5 Km चलती है। वह शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर है?

⇒ 23 Km





$6+17=23$ Km

| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| ~~7~~ | 15 | ~~2~~ | 9 |
| | 17 | ~~5~~ | |

$\Rightarrow 32-9=23$ Km

(11). एक मनुष्य 6 Km पूर्व और उसके बाद 5 Km दक्षिण की दिशा में चलता है इसके बाद वह फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 6 Km चलता है। अंत में वह 10 Km उत्तर दिशा में चलता है। बताइए वह मूल स्थिति से कितनी दूरी पर है?

⇒ 13 Km




$\sqrt{(12)^2+(5)^2}$

$\sqrt{144+25}=\sqrt{169}=13$ Km


| उ० | पू० | द० | पश्चि० |
|---|---|---|---|
| 10 | 6 | 5 | |
| | 6 | | |

5 → उ०

12 → पू०

(12) एक आदमी पूर्व दिशा में 15 km चलता है और फिर बाएं मुड़कर 15 km जाता है। अब वह दाएं मुड़कर 5 km जाता है। प्रारंभिक स्थान से वह कितनी दूरी पर है?

⇒ 25 km




$\sqrt{(20)^2+(15)^2}$

$\sqrt{400+225}$

$\sqrt{625}$


25 km

उ० पू० द० पश्चि०
15 15 — —
5

15 → उ०
20 → पू०

(13). रोशन पूर्व की ओर 15 km चला। फिर वह 90° दक्षिणावर्त मुड़ा और फिर 8 km चला। प्रारंभिक बिंदु से अंतिम बिंदु तक की सबसे कम दूरी कितनी है—

⇒ 17 km




$\sqrt{(15)^2+(8)^2}$


$\sqrt{225+64}$

$\sqrt{289}$

17 km


(14). दो व्यक्ति A और B समान बिंदु पर खड़े हैं। A, 3 km पूर्व की ओर चलता है, दाएं मुड़ता है और 5 km चलता है और बाएं मुड़ता है तथा 2 km चलता है। B, 7 km पश्चिम की ओर चलता है, दाएं मुड़ता है और 7 km चलता है, फिर से दाएं मुड़ता है और 12 km चलता है। A, B से कितनी दूर है?

⇒ 12 km




(15). दो कारे एक उभयबिंदु से शुरू होती है। पहली कार उत्तर की तरफ 10 Km की यात्रा करती है, बाएँ मुड़ती है और आगे 8 Km जाती है। दूसरी कार 5 Km दक्षिण की तरफ जाती है, दाएँ मुड़ती है और आगे 8 Km की यात्रा करती है। उन कारों के बीच की दूरी क्या है?

⇒ 15 Km




(16). दो व्यक्ति A और B समान बिंदु पर खड़े है। A, 11 Km पूर्व की ओर चलता है, दाएँ मुड़ता है और 6 Km चलता है और बाएँ मुड़ता है तथा 2 Km चलता है। B, 3 Km पश्चिम की ओर चलता है; दाएँ मुड़ता है और 7 Km चलता है, फिर से दाएँ मुड़ता और 16 Km चलता है। A, B से कितनी दूर है?

⇒ 13 Km





* A, B के संदर्भ में कौनसी दिशा में है–

⇒ दक्षिण


(17). यदि उत्तर-पूर्व को पश्चिम कहा जाता है, दक्षिण-पूर्व को उत्तर कहा जाता है। दक्षिण पश्चिम को पूर्व कहा जाता है और उत्तर-पश्चिम को दक्षिण कहा जाता है, तो दक्षिण को कहा जाएगा–

⇒ उत्तर-पूर्व




(18). यदि दक्षिण-पूर्व, उत्तर बन जाता है और उत्तर-पूर्व पश्चिम बन जाता है और इसी तरह सभी दिशाएँ बदल जाती है, तो दक्षिण-पश्चिम क्या होगा?

⇒ पूर्व





(19). यदि दक्षिण-पूर्व, पूर्व बन जाता है, और उत्तर-पश्चिम, पश्चिम बन जाता है। दक्षिण पश्चिम, दक्षिण बन जाता है और बाकी सभी दिशाएँ इसी तरह बदल रही है। तो उत्तर दिशा के लिए इनमें से कौन-सी होगी?

⇒ उत्तर-पश्चिम





(20). सुबह, X और Y एक पार्क में एक दूसरे की ओर चलते है। जब वे मिलते हैं तो Y की छाया X के बाईं ओर बनती है। X किस दिशा की ओर मुख करके खड़ा है?

⇒ उत्तर





(21). एक शाम को प्रतीक और प्रनिल एक छत पर एक दूसरे से आमने-सामने खड़े होकर बात कर रहे थे। यदि प्रतीक की छाया पूर्ण रूप से प्रनिल के बायीं ओर पड़ रही थी, तो प्रनिल का मुँह किस दिशा की ओर था?

⇒ दक्षिण




(22). B, A के पश्चिम में 2 Km की दूरी पर है। C, B के उत्तर में 1 Km और D के पूर्व में 2 Km की दूरी पर है। E, D के दक्षिण में 4 Km और F के पश्चिम में 5 Km की दूरी पर है। A के सापेक्ष F किस दिशा में है—

⇒ दक्षिण-पूर्व




(23). L, A के पूर्व में है, R, B के पश्चिम में है, जो L के दक्षिण में है। K, जोकि, R और B के मध्य में है, A के दक्षिण में है। R, L के संदर्भ में किस दिशा में है?

⇒ दक्षिण-पश्चिम




(24). प्रवीण का घर राजीव के घर से दक्षिण-पूर्व दिशा में 300m दूर है। जोसफ का घर, राजीव के घर के उत्तर-पूर्व दिशा में 300m दूर है। गोपाल का घर, जोसफ के घर से उत्तर पश्चिम दिशा में 300m दूर है। केविन का घर, गोपाल के घर से दक्षिण-पश्चिम दिशा में 300m की दूरी पर स्थित है। प्रवीण के घर की स्थिति के संदर्भ में केविन का घर किधर है?

⇒ उत्तर-पश्चिम

